Std. VI. क्रिया (हिंदी व्याकरण)

प्रश्न 1.क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें ।

उत्तर-- जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए , उसे क्रिया कहते हैं । जैसे-- बच्चा खेल रहा है । इस वाक्य में खेल रहा है क्रिया है ।

प्रश्न 2. क्रिया के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें ।

उत्तर-- क्रिया के दो भेद होते हैं:--

1.सकर्मक क्रिया

2.अकर्मक क्रिया

1.सकर्मक क्रिया -- जिस वाक्य में कर्म हो तथा क्रिया के साथ 'क्या या किसको' लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर मिले , तो वह सकर्मक क्रिया होगी ।जैसे-- मैं पत्र लिख रहा हूँ।

2.अकर्मक क्रिया -- जिस वाक्य में कर्म न हो तथा क्रिया के साथ 'क्या या किसको' लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर न मिले तो वह अकर्मक क्रिया होगी । जैसे-- मैं लिख रहा हूँ ।

प्रश्न निम्नलिखित वाक्यों के सामने क्रिया -भेद लिखें ।

I. गरिमा पुस्तक पढ़ रही है। --सकर्मक क्रिया

2.बालक सो रहा है ।-- अकर्मक क्रिया

3.प्रिया फल काट रही है ।-- सकर्मक क्रिया

4. मोर नाचता है । -- अकर्मक क्रिया

5.रवि सेब खा रहा है ।--सकर्मक क्रिया

6.बच्चे हँस रहे हैं । --अकर्मक क्रिया

7.गाड़ी आ रही है ।--अकर्मक क्रिया

8.अनिल संतरे का रस पी रहा है।--सकर्मक क्रिया

9.पक्षी उड़ रहे हैं ।-- अकर्मक क्रिया

10.माली पौधों को सींच रहा है । -- सकर्मक क्रिया